समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 18 August 2026

# जहानाबाद मे करीब 50 लाख रुपये की अवैध अंग्रेजी शराब से भरा ट्रक जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

RANJEET KUMAR Published on 18 Aug 2026



जहानाबाद जिले में मंगलवार को **मद्य निषेध विभाग ने करीब 50 लाख रुपये मूल्य की अवैध अंग्रेजी शराब से भरा एक ट्रक जब्त** किया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने ट्रक चालक समेत दो युवकों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई जिला पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे वाहन जांच अभियान के तहत की गई।

गुप्त सूचना के बाद की गई कार्रवाई

मद्य निषेध उत्पाद अधीक्षक **दिलीप कुमार पाठक** को गुप्त सूचना मिली थी कि हरियाणा से गया-जहानाबाद के रास्ते एक ट्रक में अवैध शराब लादकर पटना की ओर ले जाई जा रही है।

सूचना मिलने के बाद उत्पाद अधीक्षक ने टीम के साथ कार्रवाई की तैयारी की। इसके बाद **गया-पटना मुख्य मार्ग पर उमता धरणई के पास** संदिग्ध ट्रक को घेराबंदी कर रोका गया।

ट्रक में बनाया गया था गुप्त तहखाना

ट्रक की तलाशी के दौरान मद्य निषेध विभाग की टीम को एक गुप्त तहखाना मिला। अधिकारियों के अनुसार, इसी तहखाने में बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब को छिपाकर रखा गया था।

ट्रक को जब्त कर **उत्पाद थाना** लाया गया है। वहां शराब की बोतलों को उतारकर उनकी गिनती की जा रही है। विभाग द्वारा बरामद शराब की मात्रा और अन्य विवरण की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

दो आरोपी गिरफ्तार

मौके से पुलिस ने ट्रक चालक **प्रवीण सिंह** और उसके साथी **राजेश कुमार मीणा** को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के

राजस्थान निवासी होने की जानकारी दी गई है।

पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर मामले की आगे की जांच शुरू कर दी है।

चालक ने 20 हजार रुपये में ट्रक पहुंचाने की बात कही

पूछताछ के दौरान ट्रक चालक प्रवीण सिंह ने दावा किया कि उसे **हरियाणा से पटना तक ट्रक पहुंचाने के लिए 20 हजार रुपये** देने का लालच दिया गया था। चालक ने यह भी दावा किया कि उसे ट्रक के अंदर मौजूद सामान के बारे में जानकारी नहीं थी।

हालांकि, पुलिस इस दावे की जांच कर रही है और शराब तस्करी के पूरे नेटवर्क का पता लगाने के लिए आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

तस्करी के नेटवर्क की जांच में जुटा विभाग

अवैध शराब से भरे ट्रक की बरामदगी के बाद मद्य निषेध विभाग यह पता लगाने में जुटा है कि शराब कहां से लाई गई थी और इसे पटना तक किसके लिए पहुंचाया जा रहा था।

मामले में गिरफ्तार दोनों आरोपियों से पूछताछ के आधार पर तस्करी से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

**जहानाबाद मे मंद्य निषेध विभाग ने वाहन जांच अभियान के दौरान करीब 50 लाख रुपये की अवैध अंग्रेजी शराब से भरा ट्रक जब्त किया है और दो युवकों को गिरफ्तार किया है।** अधिकारियों के अनुसार, ट्रक में गुप्त तहखाना बनाकर शराब छिपाई गई थी। गिरफ्तार आरोपियों में ट्रक चालक प्रवीण सिंह और उसका साथी राजेश कुमार मीणा शामिल हैं। पुलिस मामले की जांच कर शराब तस्करी से जुड़े पूरे नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/RANJEET KUMAR, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.